स्थानीय क्षेत्र योजना (LAP) तथा शहरी नियोजन योजना (TPS)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में क्षेत्र आधारित बुनियादी ढाँचागत मसलों को जल्द सुलझाने के लिये प्रायोगिक आधार पर 25 शहरों में स्थानीय क्षेत्र योजना (LAP) तथा शहरी नियोजन योजना (TPS) क्रियान्वित करने की घोषणा की गई है।

स्थानीय क्षेत्र योजना (LOCAL AREA PLAN -LAP) और शहरी नियोजन योजना (TOWN PLANNING SCHEME -TPS)

- स्थानीय क्षेत्र योजना (LAP) और शहरी नियोजन योजना (TPS) को 'अमृत' के तहत तैयार किया गया है, ताकि क्रमशः ब्राउनफील्ड क्षेत्रों (शहर के वे हिस्से जो पहले ही विकसित हो चुके हैं, लेकिन मौजूदा बुनियादी ढाँचागत सुविधाओं पर पड़ रहे दबाव को झेलने में सक्षम नहीं हैं) और ग्रीनफील्ड क्षेत्रों (शहर की परिधि वाले क्षेत्र जहाँ बेतरतीब वृद्धि और विकास की आशंका रहती है) में बुनियादी ढाँचागत सुविधाओं को विकसित करने के लिये समुचित नियोजन सुनिश्चित किया जा सके।
- इन योजनाओं को प्रायोगिक आधार पर निम्नलिखित 25 चयनित शहरों में क्रियान्वित किया जाएगा।

क्र.सं.	शहर	राज्य
1.	ग्रेटर विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश
2.	गुवाहाटी	असम
3.	वड़ोदरा	गुजरात
4.	इंदौर	मध्य प्रदेश
5.	चेन्नई	तमिलनाडु
6.	बंगलूरू	कर्नाटक
7.	तिरुवनंतपुरम	केरल
8.	वारंगल	तेलंगाना
9.	पुणे	महाराष्ट्र
10.	वाराणसी	उत्तर प्रदेश
11.	जयपुर	राजस्थान
12.	अमृतसर	पंजाब
13.	पटना	बिहार
14.	फ़रीदाबाद	हरियाणा
15.	भुवनेश्वर	ओडिशा
16.	रांची	झारखंड
17.	रायपुर	छत्तीसगढ़
18.	पणजी	गोवा
19.	शिमला	हिमाचल प्रदेश

20.	न्यू कोलकाता	पश्चिम बंगाल
21.	श्रीनगर	जम्मू-कश्मीर
22.	देहरादून	उत्तराखंड
23.	आइजोल	मिज़ोरम
24.	गंगटोक	सिक्किम
25.	इम्फाल	मणिपुर

- LAP/TPS तैयार करने के लिये पहचान किए गए 25 शहरों को 50 करोड़ रुपए (प्रत्येक शहर को 2.00 करोड़ रुपए) केंद्रीय सहायता के रूप में प्रदान किए जाएंगे।
- केंद्रीय सहायता 3 किस्तों में जारी की जाएगी -

♦ प्रारंभिक प्रस्ताव जमा करने के साथ 20%,
♦ ड्राफ्ट योजना जमा करने के दौरान 40%
♦ अंतिम योजना जमा करने के दौरान शेष 40%।

- LAP और TPS तैयार करने के लिये संभावित अवधि एक वर्ष (2 माह में प्रारंभिक प्रस्ताव् तथा 10 माह मसौदा (draft) योजना तैयार करने के लिये होगी।
- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ऑर्गनाइज़ेशन (TCPO) राज्य नोडल एजेंसी को समर्थन प्रदान करेगा।
- यह योजना शहरों को स्थानीय क्षेत्र योजना और टाउन प्लानिंग योजना की पहचान करने और अल्पकालिक समय में क्षेत्र आधारित आधारभूत संरचना समस्याओं को हल करने के लिये प्रोत्साहित करने में सक्षम होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/local-area-plan-town-planning-scheme